# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिंदी

Chapter : 17

Chapter Name : वीर कुँवर सिंह

Q1. वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया?

Answer. वीर कुँवरसिंह बहादुर, साहसी, बुद्धिमान, चतुर, उदार, सांप्रदायिक सद्भाव व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। इन्हीं विशेषताओं ने हमें प्रभावित किया।

Page : 127 , Block Name : निबंध से

Q2 कुँवरसिंह को बचपन में किन कामों में मज़ा आता था? क्या उन्हें उन कामों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में कुछ मदद मिली?

Answer. कुँवरसिंह को बचपन में घुड़सवारी, तलवारबाजी और कुश्ती लड़ने में मज़ा आता था। उन्हें इन कामों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में बहुत मदद मिली। वह तलवारबाजी और घुड़सवारी की कला में निपुण हुए जिससे उन्हें अंग्रेज़ों के खिलाफ स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने में आसानी हुई थी।

Page : 127 , Block Name : निबंध से

Q3 सांप्रदायिक सद्भाव में कुँवर सिंह की गहरी आस्था थी- पाठ के आधार पर कथन की पुष्टि कीजिए।

Answer. इब्राहिम खाँ और किफायत हुसैन, वीर कुँवर सिंह की सेना में धर्म के आधार पर नहीं बल्कि कार्यकुशलता और वीरता के कारण उच्च पद पर थे। उनके राज्य में हिंदुओं और मुसलमानों के सभी त्यौहार एक साथ मिलकर मनाए जाते थे। उन्होंने पाठशाला के साथ ही साथ मकतबे भी बनवाए। इन बातों से पता चलता है कि सांप्रदायिक सद्भाव में कुँवर सिंह की गहरी आस्था थी।

Page : 127 , Block Name : निबंध से

Q4 पाठ के किन प्रसंगों से आपको पता चलता है कि कुँवर सिंह साहसी, उदार एवं स्वाभिमानी व्यक्ति थे?

Answer.

साहसी – उनकी पूरी गाथा उनके साहसी होने का प्रमाण है। कुँवर सिंह ने जगदीशपुर हारने के बाद भी मनोबल नही खोया और संग्राम में भाग लिया था। उन्होंने अपनी घायल भुजा को स्वयं काटकर गंगा में समर्पित कर दिया जो की उनके साहस का अद्वितीय उदाहरण है।



Aglasem Schools

उदार - कुँवरसिंह बड़े ही उदार हृदय थे। उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के बावजूद भी वे निर्धनों की हमेशा सहायता करते थे। उन्होंने कई तालाबों, कुँओं, स्कूलों तथा रास्तों का निर्माण करवाया।

स्वाभिमानी - निहत्थे होने के बाद भी उन्होंने अंग्रेज़ों के सामने घुटने नहीं टेके और उनका डटकर मुकाबला किया।

Page : 127 , Block Name : निबंध से

Q5. आमतौर पर मेले मनोरंजन, ख़रीद फ़रोख्त एवं मेलजोल के लिए होते हैं। वीर कुँवर सिंह ने मेले का उपयोग किस रूप में किया?

Answer. वीर कुँवरसिंह ने मेले का उपयोग स्वतंत्रता की क्रांतिकारी गतिविधियों, गुप्त बैठकों की योजनाओं को कार्यान्वयित करने के लिए किया।

Page : 127 , Block Name : निबंध से

aglasem.com

Q1. सन् 1857 के आंदोलन में भाग लेनेवाले किन्हीं चार सेनानियों पर दो-दो वाक्य लिखिए |

Answer.

- रानी लक्ष्मीबाई - अँग्रेज़ झांसी को अपने अधीन करना चाहते थे। लेकिन रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी देने से इंकार कर दिया और अंग्रेजों के साथ युद्ध करना स्वीकार किया |
- तात्या टोपे - इनके बचपन का नाम रघुनाथ पंत था | बाजी राव ने उनकी बुद्धिमानी देखकर उन्हें एक टोपी उपहार में दी और उनको तात्या टोपे नाम दिया। तात्या टोपे ने देश की आज़ादी के लिये हंसते-हंसते प्राणो का त्याग कर दिया |
- मंगल पांडे - मंगल पांडे ने कई ब्रिटिश सिपाहियों व अधिकारियों को मौत के घाट उतारा | जब अंत में अकेले हो गये तो उन्होंने ब्रितानियों के हाथ मरने के बजाय खुद मरना स्वीकार किया। उन्होंने खुद को गोली मार दी और बुरी तरह से घायल हो गये। ब्रिटिश सरकार ने 8 अप्रैल 1857 को मंगल पांडे का कोर्ट मार्शल किया व उनको फाँसी पर चढ़ा दिया।
- नाना साहब पेशवा - नाना साहब मराठों में अत्यंत लोकप्रिय थे। बाजीराव ने उन्हें गोद लिया था लेकिन ब्रिटिश सरकार ने नाना साहब को मराठों का पेशवा बनाकर गद्दी पर बैठाने से इंकार कर दिया। तभी नाना साहब ने उनसे बदला लेने व भारत को आज़ाद करवाने की ठान ली।

Page : 128 , Block Name : निबंध से आगे

Q2. सन् 1857 के क्रांतिकारियों से संबंधित गीत विभिन्न भाषाओं और बोलियों में गाए जाते हैं | ऐसे कुछ गीतों को संकलित कीजिए |

Answer.

सिंहासन हिल उठे राजवंशों ने भृकुटी तानी थी,

बूढ़े भारत में आई फिर से नयी जवानी थी,

गुमी हुई आज़ादी की कीमत सबने पहचानी थी,

दूर फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी।

चमक उठी सन सत्तावन में, वह तलवार पुरानी थी,

बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी,

खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी।।

Page : 128 , Block Name : निबंध से आगे

Q1. वीर कुँवर सिंह का पढ़ने के साथ-साथ कुश्ती और घुड़सवारी में अधिक मन लगता था | आपको पढ़ने के अलावा और किन-किन गतिविधियों या कामों में खूब मज़ा आता हैं? लिखिए |

Answer. छात्र अपनी रुचियाँ लिखें |

Page : 128 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2. सन् 1857 में अगर आप 12 वर्ष के होते तो क्या करते | कल्पना करके लिखिए |

Answer. सन् 1857 में अगर हम 12 वर्ष के होते तो देश को आज़ाद कराने के लिए कुछ योगदान देने के बारे में सोचते |

Page : 128 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3. अनुमान लगाइए, स्वाधीनता की योजना बनाने के लिए सोनपुर के मेले को क्यों चुना गया होगा?

Answer. अंग्रेज़ो की नज़र हमेशा स्वतंत्रता सेनानियों पर होती थी | उनकी नज़र से बचकर स्वाधीनता की योजना बनाने के लिए सोनपुर के मेले को चुना गया क्योंकि इस मेले में बहुत भीड़ होती थी |

Page : 128 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q1 आप जानते हैं कि किसी शब्द को बहु-वचन में प्रयोग करने पर उसकी वर्तनी में बदलाव आता है। जैसे - सेनानी एक व्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं और सेनानियों एक से अधिक के लिए। सेनानी शब्द की वर्तनी में बदलाव यह हुआ है कि अंत के वर्ण 'नी' की मात्रा दीर्घ 'ी' (ई) से ह्रस्व 'ि' (इ) हो गई है। ऐसे शब्दों को, जिनके अंत में दीर्घ ईकार होता है, बहुवचन बनाने पर वह इकार हो जाता है, यदि शब्द के अंत में ह्रस्व इकार होता है, तो उसमें परिवर्तन नहीं होता जैसे - दृष्टि से दृष्टियों।
नीचे दिए गए शब्दों का वचन बदलिए -

नीति, स्थिति, जिम्मेदारियों, सलामी, स्वाभिमानियों, गोली।

aglasem.com

Answer.

नीति – नीतियों

स्थिति – स्थितियों

जिम्मेदारियों – ज़िम्मेदारी

सलामी – सलामियों

स्वाभिमानियों – स्वाभिमानी

गोली – गोलियों

Page : 128 , Block Name : भाषा की बात

aglasem.com